Patient & Family Guide
2025

# आपके अधिकार और जिम्मेदारियाँ

**फीडबैक**

यदि आपके पास कोई प्रश्न, प्रशंसाएं और/या चिंताएं हैं, तो हमारी रोगी संबंध टीम को कॉल करें:

> फोन (नि:शुल्क): 1-844-884-4177

> www.nshealth.ca/contact-us/patient-feedback

Also available in English: WX85-0466
*Your Rights and Responsibilities*

nova scotia health
www.nshealth.ca

# आपके अधिकार और जिम्मेदारियाँ

आप अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। एक रोगी के रूप में अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझना महत्वपूर्ण है।

- आपके अधिकार हैं:
  - > आपको कैसे व्यवहार की उम्मीद करनी चाहिए
- आपकी जिम्मेदारियाँ हैं:
  - > आप अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के सक्रिय सदस्य कैसे बन सकते/ती हैं
  - > आपको सबसे अच्छी और सुरक्षित देखभाल देने में आप हमारी सहायता कैसे कर सकते/ती हैं

हम आपको और आपके अनिवार्य देखभाल भागीदारों को आपकी देखभाल के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आपके **अनिवार्य देखभाल भागीदार** वे लोग हैं, जिन्हें आपने शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थनदेने के लिए चुना है (जैसे निर्णय लेने में सहायता करना, आपकी देखभाल का समन्वय करना और आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम के साथ संचार करना)।

यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं या आप अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में अधिक बात करना चाहते/ती हैं, तो कृपया अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य या रोगी संबंध टीम के साथ बात करें।

## अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण देखभाल और सुरक्षा

### अधिकार:

- आपके पास सबसे अच्छी और सुरक्षित स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने का अधिकार है।
- आपको सबसे अधिक आराम मिलने का अधिकार है, जो हम प्रदान कर सकते हैं।

### जिम्मेदारियाँ:

- आप अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम में एक सक्रिय, शामिल और सूचित सदस्य होने के लिए जिम्मेदार हैं। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से पूछें।

### आपके अस्पताल में रहने से पहले

- जब आप अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में आते/ती हैं, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम को अपने स्वास्थ्य के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दें। इससे हमें आपको यथासंभव सबसे अच्छी देखभाल प्रदान करने में सहायता मिलेगी।
- अपनी सभी दवाइयों की एक सूची लाएं (जिसमें नुस्खे वाली और ओवर-द-काउंटर दवाइयाँ, हर्बल दवाइयाँ, विटामिन और संपूरक शामिल हैं)। अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम को बताएं कि आप कितनी मात्रा और इन्हें कब लेते/ती हैं।
- **अपने सभी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को बताएं कि क्या आपको दवाइयों या भोजन से एलर्जियाँ हैं या कोई प्रतिक्रियाएं होती हैं।**

- यदि आप एपॉइंटमेंट के लिए अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में आ रहे/ही हैं और आपको इधर-उधर जाने में सहायता की आवश्यकता है, तो अपने अनिवार्य देखभाल भागीदार को अपने साथ लाएं। यदि यह संभव नहीं है, तो पहुंचते ही स्टाफ के किसी सदस्य से पूछें।

**आपके रहने के दौरान**

- ☑ **प्रश्न पूछें**
- ☑ **सहायता के लिए पूछें**
- ☑ **ध्यान से सुनें और ज़रूरत पड़ने पर स्पष्टीकरण मांगें**
- ☑ **यदि आपको कोई भी चिंताएं पैदा होती हैं, तो उनके बारे में बात करें**

- **यह सुनिश्चित करें कि जब भी स्वास्थ्य देखभाल टीम का कोई सदस्य किसी भी समय आपके लिए जाँचें (जैसे रक्तजाँच) या उपचार नियत करता है या दवाइयाँ देता है, तो वे आपके संपूर्ण कानूनी नाम और जन्मतिथि की जांच करते हैं।** उनसे निस्संकोच ऐसा करने के लिए कहें।
- यदि आपको उपचार, प्रक्रिया या सर्जरी समझ नहीं आ रही है, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से अवश्य पूछें। यह इसलिए महत्वपूर्ण है, ताकि आपको पता रहे कि किन लक्षणों या पक्ष-प्रभावों के लिए ध्यान रखना चाहिए और आपके ठीक होने में सहायता कैसे मिलेगी।

- अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से किसी भी नई या अलग दवाइयों के बारे में पूछें। यह पूछें कि ये दवाइयाँ क्या हैं और आपको क्यों दी जा रही हैं। हम चाहते हैं कि आप अपनी दवाइयों के बारे में, और ये आपकी सहायता कैसे कर सकती हैं, इसके बारे में समझें।
- यदि आपको लगता है कि आपको गलत उपचार या दवाई दी जा रही है, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य को बताएं।
- अपने हाथों को बार-बार धोकर संक्रमण की रोकथाम में सहायता करें। अपने अनिवार्य देखभाल भागीदारों, मिलने आने वालों और अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के सदस्यों को भी ऐसा करने के लिए कहें। और अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दिए गए क्यूआर कोड या लिंक का उपयोग करें, या अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से पत्रक 1441, संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण मांगें।

  > www.nshealth.ca/patient-education-resources/1441

## अस्पताल में सुरक्षित रहना:

### जमीन पर गिरने से बचाव

- आपकी बीमारी, आपके द्वारा ली जा रही दवाइयों या सर्जरी के कारण अस्पताल में रहते हुए आपके लिए जमीन पर गिरने का खतरा अधिक हो सकता है।
- वृद्ध वयस्कों में कूल्हे के फ्रैक्चर का एक आम कारण जमीन पर गिरना है। अपने लिए खतरा कैसे कम करें:

  - ☑ यदि हम आपसे सहायता के बिना नहीं उठने के लिए कहते हैं, तो कृपया कर्मचारियों से सहायता की प्रतीक्षा करें।
  - ☑ अपनी कॉल बेल और व्यक्तिगत आइटमों का हाथ की पहुंच के अंदर होना सुनिश्चित करें।
  - ☑ शौचालय का उपयोग करना: यदि आपको सहायता की आवश्यकता हो, तो कृपया हमें बताएं।
  - ☑ ऐसे जूते और कपड़े पहनें, जो फिट हों और जिनसे आपके फिसलने या लड़खड़ाने का डर न हो। रबर के तलवों वाली चप्पलें सबसे अच्छी रहती हैं।
  - ☑ लंबी पैंटें और बाथरोब न पहनने की कोशिश करें।
  - ☑ यदि आप घर पर वॉकर या छड़ी का उपयोग करते/ती हैं, तो कृपया इसे अस्पताल लाएं। यदि स्वास्थ्य देखभाल टीम ने आपको हमारे साथ रहने के दौरान चलने में सहायक उपकरण (वॉकिंग एड्स) का उपयोग करने के लिए कहा है, तो कृपया इसका उपयोग करते रहें। हम आपको अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से अपने सहायक उपकरणों के सही उपयोग के बारे में कोई भी प्रश्न पूछने के लिए बढ़ावा देते हैं।

☑ बिस्तर को घुटने की ऊंचाई पर रखें। यदि स्वास्थ्य देखभाल टीम ने आपको बेडरेल्स का उपयोग करने के लिए कहा है, तो कृपया बिस्तर से उठने से पहले सहायता के लिए कॉल करें।

☑ यदि आप पहले कभी (घर पर या अस्पताल में) जमीन पर गिरे/री हैं या आपको लगता है कि आप आसानी से गिर सकते/ती हैं, तो हमें बताएं।

**अपनी दवाई(यों) के बारे में समझना**

- आप कौन सी दवाई(याँ) ले रहे/ही हैं और आपको उनकी आवश्यकता क्यों है, इस बारे में जानकारी होने से आपको न केवल अस्पताल में रहने के दौरान, बल्कि जब आप घर चले जाते/ती हैं, तो भी आपको सुरक्षित रहने में सहायता मिल सकती है।

**दबाव के कारण घावों (बेडसोर्स) के खतरे को कम करना**

- दबाव के कारण घाव त्वचा और त्वचा के नीचे ऊतक में लगी चोट होती है। हड्डी वाले क्षेत्रों में त्वचा के लिए अधिक खतरा होता है (जैसे एड़ियों, कोहनियों, कूल्हों या बम पर)। त्वचा पहले लाल हो जाती है और फिर खुले घाव में बदल सकती है।

**अपने लिए खतरा कैसे कम करें:**

- ☑ यदि आपकी त्वचा पर कहीं भी लालिमा है या कोई खुला घाव है, तो हमें बताएं।
- ☑ बिस्तर से बाहर निकलें और बार-बार करवट या स्थिति बदलते रहें, ताकि रक्त का प्रवाह अच्छा होना सुनिश्चित हो सके। यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो हमें बताएं।
- ☑ यथासंभव स्वस्थ आहार लें और प्रोटीन-युक्त खाना सुनिश्चित करें, क्योंकि यह ठीक होने में सहायता करता है।
- ☑ हड्डी वाले क्षेत्रों को दबाव से बचाने में सहायता के लिए तकियों का उपयोग करें।
- ☑ हरेक दिन 8 कप तरल-पदार्थ पिएं। विशेष परहेजों के बारे में अपने आहार-विशेषज्ञ से बात करें।
- ☑ यदि मल (poop) या मूत्र (pee) अनियंत्रित रूप से निकल जाए, तो तुरंत अपनी नर्स को बताएं, ताकि आपकी त्वचा पर नमी न बनी रहे। इससे दबाव के कारण घावों की रोकथाम होती है।

## घर जाने से पहले स्वयं से पूछने के लिए प्रश्न:

- क्या आपके पास अपनी आवश्यकता की सभी जानकारी है?
- क्या आपको अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम द्वारा दिए गए निर्देश समझ में आ गए हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि अपनी दवाइयाँ कैसे लें (यदि आपको नई दवाइयाँ दी गई हैं)?
- क्या आपको समझ में आ गया है कि कोई भी अगली जांच नियत करने की जिम्मेदारी किसकी और कब है?

यदि आपके पास अपनी देखभाल के बारे में प्रश्न या चिंताएं हैं, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य से बात करें या तुरंत यूनिट मैनेजर से बात करने के लिए कहें।

## अस्पताल में ठहरने के बाद

- अपने प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता (पारिवारिक चिकित्सक या नर्स प्रैक्टिशनर) को सूचित करें कि आप अस्पताल में थे/थीं। यदि आपका कोई प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता नहीं है, तो आप अपना नाम Need a Family Practice Registry प्रांतीय प्रतीक्षासूची में जोड़ सकते/ती हैं:
  > फोन: 811
  > सोमवार से शुक्रवार, सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक।
  **या**
  > ऑनलाइन पंजीकरण करें:
  > https://needafamilypractice.nshealth.ca

- किसी स्थान के उपलब्ध होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता का कार्यालय आपको उस फोन नंबर पर कॉल करेगा, जो आपने पंजीकरण करते समय दिया था।
- जब आप प्रतीक्षासूची में हों, तो पंजीकरण कर्मचारी यह जांचने के लिए आपको ईमेल भेज सकते हैं कि क्या आपको अभी भी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता की आवश्यकता है।

अपने प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं, और अपनी फार्मेसी के फोन नंबरों को अपने बटुए या बैग में रखें, या अपने सेल फोन में सेव करें। इन्हें अपने अनिवार्य देखभाल भागीदार के साथ साझा करें या अपने घर के फोन के पास इनकी एक कॉपी रखें।

## गरिमा और सम्मान

**अधिकार:**

- आपके पास गरिमा, सम्मान और विचारणा के साथ व्यवहार किए जाने का अधिकार है।
- आपके पास सुरक्षित, सम्मानजनक परिवेश में देखभाल प्राप्त करने का अधिकार है।

**जिम्मेदारियाँ:**

- आप सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और अन्य रोगियों के साथ गरिमा, सम्मान और विचारणा के साथ व्यवहार करने के लिए जिम्मेदार हैं।
- आप सभी कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और अन्य रोगियों के साथ सम्मानपूर्वक बात और व्यवहार करने के लिए जिम्मेदार हैं।

## अपनी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी

**अधिकार:**

- आपके पास प्रश्न पूछने और अपनी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में अपनी समझ में आने वाले शब्दों में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है।
- आपके पास अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम में शामिल सभी लोगों के नामों, पदों, उपाधियों और पेशेवर शीर्षकों को जानने का अधिकार है।
- आपके पास इस बात का अधिकार है कि आप अपने स्वास्थ्य देखभाल अनुभव के बारे में जो सोचते/ती हैं और नोटिस करते/ती हैं, उसे साझा कर सकें और अपनी चिंताएं व्यक्त कर सकें।
- आपके पास प्रांतीय या निजी स्वास्थ्य देखभाल योजना द्वारा कवर न की जाने वाली किसी भी सेवा के शुल्क के बारे में विवरण और सूची प्राप्त करने का अधिकार है।
- आपके पास अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड की समीक्षा करने या इसकी प्रतियाँ प्राप्त करने का अधिकार है (इसमें कुछ अपवाद हैं)। शुल्क लागू हो सकता है। और अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
    - फोन (नि:शुल्क): 1-833-213-1634
    - ईमेल: Privacy@nshealth.ca

**जिम्मेदारियाँ:**

- आप अपने अनिवार्य देखभाल भागीदारों को अपने स्वास्थ्य के बारे में स्पष्ट और सही जानकारी देने के लिए जिम्मेदार हैं।
- आप और आपके अनिवार्य देखभाल भागीदार हमें जल्द से जल्द यह बताने के लिए जिम्मेदार हैं कि क्या आपकी स्थिति में कोई बदलाव आया है।
- आप तब तक प्रश्न पूछने के लिए जिम्मेदार हैं, जब तक आपको यह न महसूस हो कि आपके पास सूचित स्वास्थ्य देखभाल निर्णय लेने के लिए आवश्यक सभी जानकारी है।
- यदि कोई सेवा नोवा स्कोशिया के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम (एमएसआई) द्वारा कवर नहीं की जाती है, तो आप यह पता करने के लिए जिम्मेदार हैं कि आपका निजी स्वास्थ्य देखभाल बीमा क्या कवर करता है। आप किसी शुल्क का भुगतान करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। और अधिक जानकारी के लिए यहां जाएं:

  > www.nshealth.ca/fees-and-bill-payments

**साझेदारी और भागीदारी**

**अधिकार:**

- आप अपनी देखभाल के बारे में जो सोचते/ती हैं और नोटिस करते/ती हैं, आपके पास उसे साझा करके अपने स्वास्थ्य देखभाल अनुभव में शामिल होने का अधिकार है।
- आपके पास अपनी चिंताएं व्यक्त करने का अधिकार है।
- आपके पास अपने डिस्चार्ज की योजना बनाने में शामिल होने का अधिकार है।
- आपके पास अपने स्वास्थ्य के बारे में किसी भी दवाई, उपचार या निर्णय के खतरों और लाभों को जानने और समझने का अधिकार है।
- आपके पास किसी भी दवाई या उपचार को स्वीकार न करने का अधिकार है (इसमें कुछ अपवाद हैं)।
- आपके पास किसी शोध अध्ययन में भाग न लेने का अधिकार है, यदि आपको ऐसा करने का मौका दिया जाता है। आपके निर्णय से आपको मिलने वाली देखभाल की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होगी।
- आपके पास अपने डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर की सलाह के विरुद्ध अस्पताल छोड़कर जाने का अधिकार है (इसमें कुछ अपवाद हैं)।

**जिम्मेदारियाँ:**

- आप अपने स्वास्थ्य में किसी भी बदलाव के बारे में अपने डॉक्टर या अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम के सदस्य को बताने के लिए जिम्मेदार हैं।
- आप अपने डॉक्टर, नर्स प्रैक्टिशनर या स्वास्थ्य देखभाल टीम के साथ सहमत अपनी उपचार योजना का पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं।
- आप एपॉइंटमेंट्स बनाए रखने या रद्द करने के लिए जिम्मेदार हैं।

## अनिवार्य देखभाल भागीदार

**अधिकार:**

- आपके पास यह अधिकार है कि:
  > आप अधिकतम 2 लोगों को नामित करें, जो आपके अनिवार्य देखभाल भागीदार होंगे

  > आप तय करें कि आपके अनिवार्य देखभाल भागीदार आपकी देखभाल करने और निर्णय लेने में कैसे शामिल होंगे

  > कुछ विशिष्ट लोगों के मुलाकात के लिए आने-जाने को सीमित या अस्वीकार करें

**जिम्मेदारियाँ:**

- आपके अनिवार्य देखभाल भागीदारों की जिम्मेदारी है कि वे:
  - > समर्थन या निगरानी के बिना अपनी देखभाल स्वयं करें
  - > अपना भोजन और व्यक्तिगत देखभाल के साजो-सामान स्वयं लाएं
  - > अन्य रोगियों और उनके प्रियजनों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहें
  - > शोर और व्यवधानों को सीमित करें
- हम रोगी की देखभाल करने या अन्य रोगियों की गोपनीयता की सुरक्षा करने के लिए मुलाकातों में हस्तक्षेप कर सकते हैं। अनिवार्य देखभाल भागीदार इन हस्तक्षेपों का सम्मान करने के लिए जिम्मेदार हैं।

**गोपनीयता**

**अधिकार:**

- आपके पास अपनी स्वास्थ्य जानकारी को गोपनीय (निजी) रखने का अधिकार है।
- आपकी स्वास्थ्य-संबंधी जानकारी को आपकी निरंतर देखभाल के लिए स्वास्थ्य देखभाल टीम के बीच साझा किया जाता है। आपकी सहमति से हम इस जानकारी को दूसरों के साथ भी साझा कर सकते हैं।
- आपके पास यह अधिकार है कि हम आपको यथासंभव अधिक से अधिक गोपनीयता प्रदान करें।

**जिम्मेदारियाँ:**

- आप अन्य लोगों की निजता और गोपनीयता का सम्मान करने के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें रोगी, मिलने आने वाले लोग और कर्मचारी शामिल हैं।
- हम आपको और आपके अनिवार्य देखभाल भागीदारों को आपकी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं या आप अपने अधिकारों व जिम्मेदारियों के बारे में और अधिक बात करना चाहते/ती हैं, तो कृपया अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम या रोगी संबंध टीम के किसी सदस्य से बात करें।

## आपके अस्पताल में रहने के बारे में और अधिक जानकारी

- हम आपकी इच्छानुसार आपको आवास देने की पूरी कोशिश करेंगे।

**ध्यान दें:** निजी और अर्ध-निजी कमरे हमेशा उपलब्ध नहीं होते हैं।

- हम लोगों को समान-लिंग वाले कमरों में रखने का हर संभव प्रयास करते हैं। ऐसे समय भी होते हैं, जब अस्पताल में भर्तियों की संख्या का मतलब होता है कि हमें अलग लिंग वाले लोगों को एक ही कमरे में रखना पड़ता हैं। यदि आपको भर्ती के दौरान इस बारे में चिंता है, तो कृपया यूनिट चार्ज नर्स से बात करें।

- आपकी देखभाल के दौरान आपको किसी अन्य नोवा स्कोशिया स्वास्थ्य स्थल पर स्थानांतरित किया जा सकता है। हरेक स्थल देखभाल के अलग स्तर उपलब्ध कराता है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी रोगियों को उनकी आवश्यकतानुसार देखभाल का स्तर मिल सके।
- नोवा स्कोशिया स्वास्थ्य के सभी स्थल धूम्रपान-मुक्त, वेप-मुक्त और गंध-मुक्त हैं। **कृपया सुगंधित उत्पाद न पहनें।**

## संसाधन

### रोगी शिक्षा संसाधन

- रोगी जानकारी पत्रक प्राप्त करें:
  - > www.nshealth.ca/patient-education-resources

### विषय मार्गदर्शिकाएँ

- रोगियों और जनता को बेहतर ढंग से अपने स्वास्थ्य को समझने में सहायता देने के लिए स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों द्वारा बनाई गई स्वास्थ्य देखभाल जानकारी का संग्रह:
  - > https://library.nshealth.ca/Patients-Guides

## 811

- आप अपने गैर-आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल प्रश्नों के बारे में किसी पंजीकृत नर्स से बात करने के लिए दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन कॉल कर सकते/ती हैं।
  > फोन: 811
- यदि अस्पताल में रहने के दौरान या घर जाने के बाद आपके पास कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हैं, तो कृपया अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या उस विभाग के प्रबंधक से बात करें, जहां आपकी देखभाल की जा रही है।

## रोगी/परिवार का फीडबैक

- यदि अपने घर पर होने के दौरान आपके पास कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हैं, तो कृपया हेल्थकेयर एक्सपीरियंस टीम को कॉल करें:
  > फोन (नि:शुल्क): 1-844-884-4177 हमारे किसी भी स्थान के लिए
- एन्नापोलिस वैली, साउथ वेस्ट और साउथ शोर क्षेत्र
  > ईमेल: WZpatientrelations@nshealth.ca
- कोलचेस्टर, कंबरलैंड, पिक्टू काउंटी और ईस्ट हैंट्स क्षेत्र
  > ईमेल: NZpatientrelations@nshealth.ca
- केप ब्रेटन, एंटीगोनिश और गाइसबोरो क्षेत्र
  > ईमेल: EZpatientrelations@nshealth.ca
- हैलिफैक्स रीजनल म्युनिसिपैलिटी, ईस्टर्न शोर और वेस्ट हैंट्स क्षेत्र
  > ईमेल: CZpatientrelations@nshealth.ca

**टिप्पणियाँ:**

इस पत्रक का उद्देश्य केवल शिक्षा के प्रयोजन से है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता की सलाह या पेशेवर निर्णय की जगह पर लिया जाना नहीं है। यह जानकारी संभावित रूप से सभी स्थितियों में लागू नहीं भी हो सकती है। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।

यह पत्रक और हमारे सभी रोगी संसाधन यहाँ से प्राप्त करें:
https://www.nshealth.ca/patient-education-resources?language=hindi

नोवा स्कोशिया में किसी भी समय रजिस्टर्ड नर्स से संपर्क करें:
811 पर कॉल करें या यहाँ जाएँ: https://811.novascotia.ca

*तैयारकर्ता:* गुणवत्ता सुधार और सुरक्षा
*डिज़ाइन और प्रबंधनकर्ता:* पुस्तकालय सेवाएँ (Library Services)

HI85-2619 © November 2025 Nova Scotia Health Authority
To be reviewed November 2028 or sooner, if needed.
Learn more: https://library.nshealth.ca/patient-education-resources